मईया मेरी जोड़ी बनाए रखना

मईया मेरी जोड़ी बनाए रखना,
मेरी मांग का सिन्दूर सजाए रखना॥

सुहागन के माथे पे बिंदिया सजी है,
बिंदिया की चमक बनाए रखना,
मेरी मांग का सिन्दूर सजाए रखना॥

सुहागन के गले मंगलसूत्र सजा है,
मंगलसूत्र की शोभा बनाए रखना,
मेरी मांग का सिन्दूर सजाए रखना॥

सुहागन के हाथो में चुड़िया सजी है,
चुड़िया की खन खन बनाए रखना,
मेरी मांग का सिन्दूर सजाए रखना॥

सुहागन के तन सजे दुल्हन का जोड़ा,
दुल्हन का मान बढ़ाये रखना,
मेरी मांग का सिन्दूर सजाए रखना॥

मईया मेरी जोड़ी बनाए रखना,
मेरी मांग का सिन्दूर सजाए रखना॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24191/title/mayia-meri-jodi-banaye-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |